विरोध | हनुमान मंदिर के सामने शराब दुकान के विरोध में बजरंग दल ने किया प्रदर्शन

# शराब दुकान हटाने बजरंग दल ने किया चकाजाम




**नवभारत, कटनी।** शहर के हृदय स्थल घंटाघर स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के सामने संचालित शराब ठेके को हटाने की मांग अब उग्र होती जा रही है। इस मुद्दे पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार पर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन और आबकारी विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बजरंग दल का कहना है कि हनुमान मंदिर एक प्रमुख आस्था का केंद्र है और इसके ठीक सामने शराब की दुकान का होना श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करता है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि आबकारी विभाग राजस्व के लालच में धार्मिक स्थलों की मर्यादा को ताक पर रख रहा है। प्रदर्शन के दौरान आबकारी विभाग मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वे इस शराब दुकान को स्थानांतरित करने के लिए लंबे समय से ज्ञापन और शिकायतों के माध्यम से मांग कर रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक ठेका यहाँ से नहीं हट जाता, उनका आंदोलन और तेज होगा। कलेक्ट्रेट पर हंगामे और चक्काजाम की सूचना मिलते ही माधव नगर पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया और यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया। पुलिस की मुस्तैदी के कारण कोई अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई, हालांकि चक्काजाम के कारण कुछ देर तक वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बजरंग दल की स्पष्ट मांग है कि घंटाघर जैसे संवेदनशील और धार्मिक महत्व वाले क्षेत्र से शराब दुकान को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आगामी दिनों में और भी उग्र प्रदर्शन करेंगे। आपको बतादें कि घंटाघर स्थित शराब दुकान के खिलाफ हर बार विरोध प्रदर्शन किया जाता है, ज्ञापन सौंपा जाता है, लेकिन शराब दुकान का संचालन पूरे साल होता है। अधिकारियों द्वारा कार्रवाई का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन जांच में दुकान खोलने संबंधी आबकारी नियमों का कोई उल्लंघन होना नहीं पाया जाता है, यही वजह है कि शराब दुकान संचालन जारी रहता है।



# खेत में 50 एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर खाक

**कैमोर के कलहरा गांव में पराली जलाने से हुई घटना**

**नवभारत, कटनी।** कैमोर थाना अंतर्गत कलहरा गांव में एक किसान द्वारा नरवाई जलाने से भीषण आग लग गई। घटना में करीब 50 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, जिससे कई किसानों को भारी नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार यह घटना कैमोर थाना क्षेत्र के ग्राम कलहरा खेरदाई हार में हुई। किसान प्रेम कुमार गर्ग अपने खेत में कटाई के बाद बची नरवाई जला रहा था। इसी दौरान तेज हवाओं के कारण आग बेकाबू होकर पास के खेतों में फैल गई। देखते ही देखते आग ने 50 एकड़ के रकबे को अपनी चपेट में ले लिया और खड़ी फसल कुछ ही घंटों में राख में बदल गई। इस अग्निकांड से प्रभावित किसानों ने तत्काल पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया। अन्य किसानों की सामूहिक शिकायत के आधार पर, आरोपी किसान प्रेम कुमार गर्ग के खिलाफ धारा 223 बी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कैमोर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि कटनी जिला प्रशासन द्वारा नरवाई जलाने को लेकर लगातार प्रतिबंधात्मक आदेश और दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। कृषि विभाग और पुलिस प्रशासन द्वारा किसानों को जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इसके बावजूद, कुछ किसान जानकारी के अभाव या जल्दबाजी में इन नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। विजयराघवगढ़ के तहसीलदार मनीष शुक्ला ने बताया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरक शक्ति भी नष्ट होती है।

## एक नजर में

### साहित्य संध्या और सम्मान समारोह कार्यक्रम आज

**नवभारत, कटनी।** साहित्य संध्या और सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन 17 अप्रैल की शाम चार बजे होटल अरिंदम के कांफ्रेस हॉल में जन परिषद के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। जिसमे देश के नामी कवि अपनी प्रस्तुति देंगे। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार और कवि सुरेश सोनी की काव्य कृति अनुभूति का विमोचन होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति प्रो राजेश वर्मा की उपस्थिति रहेगी। अध्यक्षता विधायक संदीप जायसवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की मौजूदगी रहेगी। अन्य अतिथियों के रूप में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला, जनपरिषद के संयोजक रामजी श्रीवास्तव भोपाल, मिसेज यूनिवर्स टाइटेनिक ब्यूटी डॉ प्रगति सेठ, कविता जगत के सशक्त हस्ताक्षर मनोहर मनोज, जनपरिषद के प्रांतीय सचिव नितिन श्रीवास्तव भोपाल की उपस्थिति रहेगी। समारोह में देश के प्रतिष्ठित रचनाकार और वरिष्ठ पत्रकार शामिल होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ चित्रा प्रभात द्वारा काव्य कृति अनुभूति की समीक्षा प्रस्तुत की जाएगी। काव्य संध्या में बनारस के ओजस्वी कवि वैभव अवस्थी और लखनऊ के गीतकार दाबर रजा अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के सूत्रधार आशीष सोनी, जनपरिषद कटनी चैप्टर के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव प्रखर, वूमन विंग की राष्ट्रीय सचिव शिल्पी सोनी, वूमन विंग की जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा चौधरी, आयोजन समिति के सदस्य साहित्यकार राजेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ सुरेन्द्र राजपूत ने शहर के साहित्य प्रेमियों से पहुंचने के लिए कहा है। इसके साथ ही शहर के बुद्धिजीवियों से कहा गया है कि वे कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाए। कार्यक्रमों के आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर बनाई गई रूपरेखा के अनुसार सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। कार्यक्रम में कवि अपनी प्रस्तुति भी देंगे।

# संदिग्ध हालत में युवक की मौत

**बड़वारा थाना क्षेत्र के बसाड़ी गांव में घटना, पुलिस जांच शुरू**

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत बसाड़ी गांव में गुरुवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। परिजनों ने गांव के ही एक अवैध शराब संचालक पर मारपीट कर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के पिता प्रेमलाल चौधरी ने आरोप लगाया कि शराब संचालक मुन्नू श्रीवास ने पहले कैलाश को शराब पिलाई और फिर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। परिजनों का दावा है कि युवक के शरीर पर चोट के निशान मौजूद हैं। घटना के बाद बसाड़ी गांव के ग्रामीणों ने क्षेत्र में संचालित अवैध शराब के कारोबार पर विरोध जताया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बड़वारा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। थाना प्रभारी केके पटेल ने बताया कि परिजनों के आरोपों को संज्ञान में लेकर मामले की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा।

# ग्रामीण छात्रों ने परीक्षा परिणामों में लहराया परचम, रोशन किया अपने क्षेत्र का नाम

**उमरियापान स्कूल की छात्रा ने प्राप्त किए 93 .2 प्रतिशत अंक**



**नवभारत, उमरियापान।** जिले के ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत उमरियापान क्षेत्र के लिए गर्व की खबर सामने आई है। मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा में उमरियापान स्कूल की छात्रा कुमारी स्वेता मिश्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 93.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर टॉप स्थान प्राप्त किया है। कुमारी स्वेता मिश्रा, पिता जगमोहन मिश्रा और माता श्रीमती कौशिल्या मिश्रा, ग्राम घुघरी पोस्ट धौरेश्वर की निवासी हैं। स्वेता की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और परिजनों सहित ग्रामवासियों में उत्साह देखा जा रहा है। स्वेता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और नियमित अध्ययन को दिया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ पढ़ाई की, जिसका परिणाम आज सामने आया है। विद्यालय के शिक्षकों और प्राचार्य ने भी स्वेता की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भी स्वेता को बधाई देते हुए अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बताया है। स्वेता मिश्रा की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे उमरियापान क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं महर्षि विश्व विद्यालय करौंदी के मेधावी छात्र हरिओम चौरसिया ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में 79.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है । उनकी इस उपलब्धि से परिजनों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। हरिओम चौरसिया ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता संतोष चौरसिया और माता शैली चौरसिया को दिया, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। इस अवसर पर उनके दादा जयप्रकाश चौरसिया और मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने हरिओम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इसके अलावा महर्षि विश्व विद्यालय करौंदी के छात्र देव चौरसिया ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में 70.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। देव चौरसिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता अशोक चौरसिया, माता रितु चौरसिया और गुरुजनों को दिया है। उन्होंने बताया कि नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त हुई है। देव की इस सफलता पर परिजनों, मित्रों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। छात्रों की उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# बगैर अनुमति हो रहा था नलकूप खनन, पुलिस ने जब्त की बोरिंग मशीन

**ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के इटौली गांव में की गई कार्रवाई**



**नवभारत, कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के इटौली गांव में बगैर अनुमति के बोरिंग करने पर पुलिस बोरिंग मशीन और वाहन जब्त कर लिया है। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि इटोली गांव में ट्रक में लोड बोरिंग मशीन के माध्यम से चालक रघुनाथ तिवारी द्वारा बिना अनुमति के अवैध रूप से बिना बोरिंग की जा रही है। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन और बोरिंग मशीन को जब्त कर लिया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी अनिल कुमार पांडेय, प्रधान आरक्षक अतुल शर्मा, और आरक्षक रामसेवक विश्वकर्मा की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और स्लीमनाबाद एसडीओपी के मार्गदर्शन में की गई है। बतादें कि जिले में नलकूप खनन पर जिला दंडाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा रोक लगाई गई है। जिसके बाद नलकूप खनने के लिए अनुमति लेना जरूरी है।

# घर के कमरे में फांसी पर लटका मिला युवक

**रीठी थाना अंतर्गत भेड़ा गांव में हुई घटना, क्षेत्र में शोक का माहौल**



**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी थाने की सलैया पुलिस चौकी अंतर्गत भेड़ा गांव एक युवक अपने घर में मृत अवस्था में फांसी पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने बताया कि भेड़ा गांव निवासी अजय कोरी (33) अपने ही घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजनों और आसपास के लोगों ने जब उसे देखा, तब तक उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले को खुलासा होगा।

# जमा करो बकाया बिजली बिल, नहीं तो बंद कर दिया जाएगा ट्रांसफार्मर

**सलैया खुर्द में लगाया गया राजस्व वसूली शिविर**




**नवभारत, बाकल।** विद्युत उपकेंद्र बाकल के ग्राम पंचायत बरतरा के अंतर्गत ग्राम सलैया खुर्द में समाधान योजना के तहत विद्युत विभाग द्वारा राजस्व वसूली शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विभागीय टीम ने गांव के 110 विद्युत उपभोक्ताओं पर 4 लाख 32 हजार रुपए की बकाया राशि होने की जानकारी दी। विभागीय अमले द्वारा गांव में घर-घर जाकर उपभोक्ताओं से संपर्क कर बकाया राशि जमा करने के लिए कहा गया। लेकिन अधिकांश उपभोक्ताओं ने भुगतान में रुचि नहीं दिखाई। जिसके कारण वसूली की स्थिति बेहद निराशाजनक रही। स्थिति को गंभीर देखते हुए विभागीय अधिकारियों ने ग्राम पंचायत बरतरा के सरपंच प्रमोद सिंह से दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया और उन्हें बकाया राशि व उपभोक्ताओं की उदासीनता से अवगत कराया। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि जल्द ही बकाया जमा नहीं किया गया, तो ग्राम सलैया खुर्द के ट्रांसफार्मरों को बंद करने की कार्रवाई की जाएगी। इस पर सरपंच प्रमोद सिंह ने हस्तक्षेप करते हुए विभाग से एक दिन की मोहलत मांगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे स्वयं गांव के सभी उपभोक्ताओं से संपर्क कर उन्हें बकाया राशि जमा करने के लिए प्रेरित करेंगे।

सरपंच ने यह भी कहा कि यदि 18 अप्रैल 2026 तक उपभोक्ता भुगतान नहीं करते हैं, तो विभाग नियमानुसार कार्रवाई करते हुए ट्रांसफार्मर बंद कर सकता है। इस पूरे घटनाक्रम से गांव में बिजली आपूर्ति बाधित होने की आशंका बढ़ गई है। यदि समय रहते उपभोक्ता बकाया राशि जमा नहीं करते हैं, तो ग्राम सलैया खुर्द के लोगों को अंधेरे और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। वही विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे शीघ्र अपने बकाया बिल जमा कर विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाए रखने में सहयोग करें।


## कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी, मुड़वारा (म.प्र.)

क्र.09/ज.प्र.वि./2026-27 | **द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना** | कटनी, दिनांक- 09/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_ 5003001_1 | वार्ड क्र. 1 से 45 तक आवश्यकतानुसार 400/200 mm Dia Gravel Packed Tubewells खनन का कार्य। मात्रा- 10 Nos. | 365 दिवस Rs.17.20 लाख | Rs.2000/- Rs.12900/- | 30/04/2026 |
| 2 | 2026_UAD_ 5003001_2 | वार्ड क्र. 1 से 45 तक आवश्यकतानुसार 350/150 mm Dia Gravel Packed Tubewells खनन का कार्य। मात्रा- 05 Nos. | 365 दिवस Rs.6.27 लाख | Rs.2000/- Rs.6720/- | 30/04/2026 |
| 3 | 2026_UAD_ 5003001_3 | वार्ड क्र. 1 से 45 तक आवश्यकतानुसार 150 mm Dia Ordinary Tubewell खनन का कार्य। मात्रा- 10 Nos. | 365 दिवस Rs.14.20 लाख | Rs.2000/- Rs.10650/- | 30/04/2026 |
| 4 | 2026_UAD_ 5003001_4 | वार्ड क्र. 1 से 45 तक आवश्यकतानुसार 125 mm Dia Ordinary Tubewell खनन का कार्य। मात्रा- 05 Nos. | 365 दिवस Rs.4.37 लाख | Rs.2000/- Rs.4370/- | 30/04/2026 |

**नोट:**-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**(वास्ते-आयुक्त)**
**नगर पालिक निगम, कटनी**


निरीक्षण | तकनीकी शिक्षा कौशल विकास और रोजगार विभाग के प्रमुख सचिव ने किया पॉलीटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण

# पॉलीटेक्निक कॉलेज में शुरू होगा माइनिंग पाठ्यक्रम, लैब आवंटन का आश्वासन



**नवभारत, कटनी।** तकनीकी शिक्षा कौशल विकास और रोजगार विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी भी मौजूद रहे। जिले में रोजगार मेलों के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के बेहतर प्रयासों की वजह से कटनी जिले को प्रदेश में मिले प्रथम स्थान के लिए प्रमुख सचिव ने कलेक्टर को बधाई दी। उन्होंने पॉलिटेक्निक कॉलेज में जनभागीदारी समिति का पुनर्गठन कर यहां पढ़ रहे छात्रों के लिए जिले की प्रतिष्ठित और प्रगतिशील औद्योगिक इकाईयों के साथ ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिए अनुबंध करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव पॉलिटेक्निक कॉलेज की कम्प्यूटर साईंस के छात्रों की कक्षा में पहुंचे और छात्रों से पूछा कि वे एआई टूल्स और चैट जीपीटी का उपयोग करते हैं कि नहीं। जिस पर सभी छात्रों ने सहमति में हाथ उठाया। उन्होंने जब जिले के बाहर के छात्रों से यहां एडमीशन लेने का कारण पूछा तो छात्रों ने बताया कि यहां उनके गृह जिलों की तुलना में बेहतर पढ़ाई होती है। इस पर प्रमुख सचिव ने प्राचार्य नरेन्द्र बड़खेड़कर की सराहना की। कलेक्टर ने प्रमुख सचिव से कॉलेज में माइनिंग पाठ्यक्रम जल्द शुरू करने की अनुमति देने का आग्रह किया। जिस पर उन्होंने पाठ्यक्रम के लिए आवश्यक पदों की स्वीकृति, लैब, उपकरण के लिए आवंटन करने का आश्वासन दिया।

प्रमुख सचिव ने शासकीय आईटीआई के निरीक्षण के दौरान संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अप्रेंटिसशिप के संबंध में समीक्षा कर निर्देश दिए कि इन सभी का पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। प्रमुख सचिव ने उमरियापान के आईटीआई का नया भवन बनने तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कलेक्टर के सुझाव पर इसे शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा के भवन में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रमुख सचिव ने आईटीआई के 60-60 सीटर क्षमता के निर्मित छात्रावासों को जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टर की सहमति पर इसके लिए जनभागीदारी समिति से अनुमोदन लेकर सफाईकर्मी व गार्ड की व्यवस्था कर छात्रावास को प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटीआई के छात्रों से सीटें रिक्त रहने पर यहां पॉलिटेक्निक कॉलेज के भी छात्रों को रहने की सुविधा दें।

प्रमुख सचिव ने प्रशिक्षणार्थियों के प्लेसमेंट, वर्तमान रोजगार स्थिति के संबंध में नियमित फीडबैक रखने के निर्देश दिए।


Akarsh Lube
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
मध्यप्रदेश का पहला भारतीय मानक संस्था द्वारा मान्यता प्राप्त।
AUS-32
Diesel Exhaust Fluid (DEF)
Katni
VOCAL FOR LOCAL
MAKE IN INDIA
मानकः पथप्रदर्शकः
IS 17042 PART-1 :2020
CM/L No: 8200198812
For detail of BIS Certification Please visit www.bis.gov.in
Now BIS Certified
For Diesel Engines Nox Reduction Agent AUS 32 Part-1, Quality Requirement
Akarsh Cool Industry
Plot No.-7 Industrial Area, Amkuhi, Katni-483501, M.P.
किसी भी गाड़ी में यूरीया (DEF) हेतु संपर्क करें
Plot No.-7 Industrial Area, Amkuhi, Katni-483501, M.P.
www.akarshlubes.com | akarshcoolindustry@gmail.com | Mob.- 6261156224, 8720048833

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024